# डेमोक्रेटिक फ्रंट

Digital Edition

Website : www.demokraticfront.com

शनिवार, 7 दिसंबर 2024 | मूल्य : 2 रुपए | पेज : 4 | चंडीगढ़ | E-mail : sareeka2473@gmail.com RNI No.: HARHIN/11362


## एक नजर

### सुखबीर बादल को एनएसजी सुरक्षा कवर देने व पंजाब के धार्मिक स्थलों पर पैरामिलट्री फोर्स लगाने को लेकर वीरेश शांडिल्य ने अमित शाह को लिखा पत्र



**डेमोक्रेटिक फ्रंट अंबाला।** एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया व विश्व हिन्दु तख्त के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा अमृतसर के पवित्र ऐतिहासिक हरमंदिर साहिब में पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल की खालिस्तानी आतंकवादी नारायण सिंह चौरा द्वारा हत्या करने की साजिश को केंद्र व राज्य सरकार को गंभीरता से लेना चाहिए और वीरेश शांडिल्य ने सुखबीर बादल की सुरक्षा में एनएसजी कमांडो तैनात करने को लेकर देश के गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिख कर मांग की है कि सुखबीर बादल की सुरक्षा में एनएसजी कमांडो तैनात किए जाएं क्योंकि बब्बर खालसा का आतंकवादी नारायन सिंह चौरा 2013 में भी पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के इकलौते बेटे पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल की हत्या की साजिश रच चुका है। वीरेश शांडिल्य आज एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र पाल केके के अंबाला शहर निवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे इस मौके पर एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के पंजाब के अध्यक्ष व हरियाणा के प्रभारी गुरशरण सिंह बिट्टू, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मुकुल गोयल व गोल्डी पाहवा भी मौजूद थे। एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया व विश्व हिन्दु तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने कहा कि हरमंदिर साहिब में सुखबीर बादल पर हमला दरबार साहिब पर हमला है और यदि बब्बर खालसा का आतंकवादी नारायण सिंह चौरा सुखबीर सिंह बादल की हत्या करने में कामयाब हो जाता तो पंजाब व देश में दंगे हो सकते थे, अमन शांति खत्म हो सकती थी। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह को भेजे पत्र में बादल व उनके परिवार को एनएसजी कवर के साथ साथ पंजाब में पैरामिलट्री फोर्स तैनात की जाए और पंजाब राज्य के सभी धार्मिक स्थलों पर केंद्र अधीन पैरामिलट्री सुरक्षा तैनात की जाए ताकि खालिस्तानी व बब्बर खालसा के आतंकवादी पंजाब व देश की अमन शांति में आग न लगा सकें। वहीं उन्होंने कहा कि सुखबीर सिंह बादल की हत्या की जांच एनआईए को दी जाए और नारायण सिंह चौरा को तिहाड़ जेल या डिबरूगढ़ जेल में शिफ्ट किया जाए।

### बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न के खिलाफ सनातन सुरक्षा समिति के तत्वाधान में हिन्दू संस्थाएं 8 दिसम्बर को प्लाजा में करेंगी जोरदार रोष प्रदर्शन

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचारों व उत्पीड़न की बराबर आ रहीं खबरों व रिपोर्टों के बाद पूरे देश में गुस्से व आक्रोश का वातावरण बन गया है। इस मुद्दे को लेकर आज चण्डीगढ़ प्रेस क्लब में एक पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए सनातन सुरक्षा समिति, चण्डीगढ़ के सरंक्षक स्वामी श्यामानंद जी महाराज,जो सेक्टर 39 स्थित श्री कृष्ण परनामी निजदरबार के संचालक भी हैं, ने कहा कि बांग्लादेश में शेख हसीना को सत्ता से बाहर किए जाने के बाद धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और संरक्षा को लेकर देश में चिंता व्याप्त है। 5 अगस्त, 2024 को प्रधानमंत्री शेख हसीना की बर्खास्तगी के बाद से धार्मिक अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं के खिलाफ हमलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो कि वहां की सरकार की मौन स्वीकृति तथा सक्रिय भागीदारी के साथ हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का एक चिंताजनक रुझान देखा गया है। इन हमलों के कारण न केवल जान-माल का नुकसान हुआ है, बल्कि इन समुदायों में भय का वातावरण भी उत्पन्न हो गया है। इन हमलों के परिणामस्वरूप अनेक मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों का विनाश और अपवित्रण, अल्पसंख्यकों की बेरहमी से हत्या, बलात्कार, घायल होना और विस्थापन एवं उनके घरों, व्यवसायों और संपत्तियों की लूट और आगजनी की घटनाएं चरम पर हैं। उन्होंने पड़ोसी देशों में हिंदुओं पर अत्याचारों के कारण कम होती आबादी के आंकड़े देते हुए बताया कि बांग्लादेश में 71 में 30 प्रतिशत और पाकिस्तान में 15 प्रतिशत हिन्दू थे जो अब क्रमश: 9 प्रतिशत और 2 प्रतिशत ही रह गए हैं। स्वामी श्यामानंद ने भारत सरकार से अपील की कि वह बांग्लादेश सरकार को अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाने के लिए जोर दे और बांगलादेश में संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती की मांग उठाई जाए। इस अवसर पर जत्थेदार बाबा हरजीत सिंह रसूलपुर ने कहा कि हम हिन्दू बहुत सहिष्णु हैं, लेकिन धर्म की रक्षा के लिए हथियार उठा लेना ही धर्म है। यदि ये बातों से नहीं मानते हैं तो भारत सरकार वहां हमला करके शांति स्थापित करनी चाहिए। हम गुरु की लाडली फौज धर्म स्थापना के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार हैं। 8 दिसम्बर को प्लाजा में होगा जोरदार रोष-प्रदर्शन

# भारत-चीन जंग की वजह से हुई थी होमगार्ड यनिट की स्थापना : राव

### ट्रैफिक पैटर्न की मिली मंजूरी, अब होमगार्ड के जवानों सफेद कमीज नीली पेंट में नजर आएंगे : एडीजीपी



**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** हरियाणा होमगार्ड के डीजीपी श्री देशराज सिंह के आदेशानुसार पूरे प्रदेश के जिला कार्यालयों व प्रदेश के ट्रेनिंग सेंटर मोगीनंद पंचकूला में बड़े हर्षो उल्लास के साथ 62वां स्थापना दिवस मनाया गया। होमगार्ड व सिविल डिफेंस के जॉइंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में विभाग के एडीजीपी श्री सीएस राव ने झंडा फहराने के बाद परेड का निरीक्षण किया।

प्रदेश के ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में अलग अलग जिलों से आये होमगार्ड कर्मचरियों व स्वयं सेवकों की 5 टुकड़ियों ने मिलकर सलामी मार्च पास्ट से अतिथि का स्वागत किया। एडीजीपी ने बताया कि होमगार्ड संगठन को साल 1946 में बनाया गया था, जो किसी भी अप्रिय स्थिति में नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए सेना, नौसेना, वायु सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अलावा जुड़वां स्वैच्छिक संगठन नागरिक सुरक्षा और गृह रक्षक बनाया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1962 के चीन युद्ध में एक बार फिर मददगारों की जरूरत महसूस हुई और 6 दिसंबर 1962 को गृह रक्षक संगठन का पुनर्गठन किया गया। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्तिथियां में प्राकृतिक और मानवजनित आपदाओं के दौरान लोगों की जान माल की रक्षा के लिए अपनी जान की परवाह किये बिना होमगार्ड स्वयं सेवक डटे रहते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आज 14,025 होमगार्ड के पद स्वीकृत हैं। उन्होंने बताया कि सरकार से वालंटियरों की भर्ती से अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलते ही नई भर्तियों को किया जाएगा। श्री सीएस राव ने बताया कि अब होमगार्ड के जवानों को ट्रैफिक पैटर्न की वर्दी डालने की मंजूरी स्थापना दिवस पर सौगात के रूप में दी गई है। जो जवान पुलिस के साथ ट्रैफिक की डयूटी करते हैं वो सफेद कमीज और नीली पेंट में नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि मॉडर्न युग के साथ नई तकनीकों और नए उपकरणों को शामिल किया जा रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि डीजीपी देशराज सिंह ने होमगार्ड महकमे में आने के बाद होमगार्ड स्वयं सेवक जवानों की जरूरतों व बेहतर भविष्य के लिए ड्यूटियों में बढ़ोतरी करवाई।

**मॉक ड्रिल करके बताए जवानों ने अपने काम:** होमगार्ड जवानों ने बिल्डिंग की दूसरी मंजिल से करीब 10 प्रकार के आपातकालीन तरीकों द्वारा बचाव की मॉक ड्रिल को किया। इस प्रदेश व देश की जनता को इस कार्यक्रम के माध्यम से सीधा संदेश दिया कि होमगार्ड जवान पुलिस बल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कानून व ट्रैफिक व्यवस्था नियंत्रण करने के साथ साथ किसी भी आपदा के समय में आपदा प्रबंधन के



कार्यों में आपकी सुरक्षा कार्यों में भी तत्पर व निपुण है। होमगार्ड जवानों ने दौड, रस्सा-कस्सी, वॉलीबॉल जैसे खेलों में भाग लेकर स्वस्थ शरीर सुरक्षित समाज का संदेश दिया। प्रदेश स्तर पर बेहतरीन कार्यों के लिए जवानों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। एडीजी ने जवानों द्वारा की गयी सलामी मार्च पास्ट, मॉक ड्रिल, खेल क्रीकाओं को देखकर जवानों का हौसला बड़ाया व उनकी प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में एएसपी रविंद्र कुमार, डीएसपी तान्या सिंह, मुख्य प्रशिक्षक सुरिंदर हुड्डा, मुख्यालय जेएसओ विजयपाल, गोकुल चंद व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार 50 प्रतिशत से ज्यादा का एम.एस.पी. तय करने के साथ ही किसानों की उपज भी खरीदेगी : शिवराज सिंह चौहान

### किसानों को सब्सिडी के साथ पूरी खाद मिलेगा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट जैतो ( रघुनंदन पराशर )।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राज्य सभा में फसलों पर एमएसपी, किसानों की कर्जमाफी समेत कई विषयों पर सवालों के जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए किसानों को एमएसपी देने से इंकार कर दिया था, जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पिछले 10 वर्षों से एमएसपी में लगातार बढ़ोतरी कर रही है, वहीं श्री शिवराज सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार उपज एमएसपी पर खरीदती रहेगी।

चौहान ने कहा कि हमारी सरकार 50त्न से ज्यादा का एमएसपी तय करने के साथ ही किसानों से उपज भी खरीदेगी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों को लाभकारी मूल्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2015 में इस मंत्रालय का नाम कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय रखा गया, इससे पहले किसान कल्याण का कोई संबंध ही नहीं था। राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को नया नाम किसानों के लाड़ले दिया है। शिवराज सिंह चौहान राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान कृषि संबंधी सवालों के जवाब दे रहे थे, इसी दौरान सभापति श्री धनखड़ ने कहा कि जिस आदमी की पहचान देश में लाड़ली बहनों के भैया के नाम से है, अब वो किसान का लाडला भाई भी होगा, मैं पूरी तरह आशावान हूं कि ऊर्जावान मंत्री अपने नाम शिवराज के अनुरूप ये करके दिखाएंगे। सभापति और उपराष्टपति श्री जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज से मैंने आपका नामकरण कर दिया- किसानों के लाड़ले।केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसानों की उपज मिनिमम सपोर्ट प्राइस पर खरीदी जाएगी। हमारी सरकार 50त्न से ज्यादा का एमएसपी तय भी करेगी और उपज खरीदेंगे भी। उन्होंने कहा कि यह नरेंद्र मोदी जी की सरकार है, मोदी की गारंटी वादा पूरा करने की गारंटी है। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उन्होंने कहा था कि वो एम.एस. स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को स्वीकार नहीं कर सकते हैं। 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने ही ये फैसला किया कि लागत पर 50त्न मुनाफा जोड़कर एमएसपी की दरें तय की जाएगी। जब कांग्रेस सरकार थी, तब कभी भी 50त्न से ज्यादा लागत पर इन्होंने किसानों को लाभ नहीं दिया, लेकिन हम कटिबद्ध हैं, प्रतिबद्ध हैं कि कम से कम 50त्न से ज्यादा लाभ देकर किसानों की फसलें खरीदेंगे।कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि मोदी की सरकार बहुत दूरदर्शिता से काम करती है। किसानों का कल्याण और विकास प्रधानमंत्री मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कृषि के लिए बजट आवंटन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 2013-14 तक ये केवल 21 हजार 900 करो? रुपए था, जो अब बड़कर 1 लाख 22 हजार 528 करोड़ रुपए हो गया है। किसान कल्याण के लिए हमारी छह प्राथमिकताएं हैं- हम उत्पादन बढ़ाएंगे, उत्पादन की लागत घटाएंगे, उत्पादन का उचित मूल्य देंगे, फसल में अगर नुकसान हो तो उसकी भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के द्वारा करेंगे, हम कृषि का विविधीकरण करेंगे।

# किसानों के साथ विश्वासघात न करे सरकार उन्हें स्स्ककी लीगल गारंटी दे : दीपेन्द्र हुड्डा

- ककिसानों का दोबारा दिल्ली कूच करने का निर्णय भाजपा सरकार की वायदा खिलाफी का प्रतीक
- कसरकार अविलंब किसानों से बातचीत करे और स्स्कको अमलीजामा पहना कर लीगल गारंटी दे
- कहरियाणा के कांग्रेस सांसदों ने संसद परिसर में किसानों की मांगों के समर्थन में किया प्रदर्शन
- क'किसानों से बात करो', 'स्स्कगारंटी दो' की तख्तियों के साथ किसानों की मांगों का किया समर्थन




**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने आज संसद परिसर में किसानों की मांगों के समर्थन में हरियाणा के साथी सांसदों के साथ आवाज उठाई। संसद भवन के मुख्य द्वार पर 'किसानों से बात करो', ÒMSP गारंटी दो' की तख्तियाँ लेकर किसानों की मांगों का समर्थन करते हुए सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि जब किसान आंदोलन हुआ तब सरकार ने देश के किसानों से कुछ वायदे किए थे, जिसमें स्स्कको अमलीजामा पहनाकर लीगल गारंटी देने का वायदा था। बहुत लंबे अरसे तक जब वो वायदा पूरा नहीं हुआ तब किसानों ने अपना आंदोलन दोबारा शुरू किया और लंबे समय से किसान पक्के मोर्चे के माध्यम से हरियाणा-पंजाब शंभु बॉर्डर पर बैठे हुए हैं। आज किसानों ने दोबारा से दिल्ली कूच करने का निर्णय किया है, जो भाजपा सरकार की वायदा खिलाफी का प्रतीक है। हमारी मांग है कि सरकार अविलंब किसानों से बातचीत करे और स्स्कको अमलीजामा पहना कर लीगल गारंटी दे। इस दौरान प्रमुख रूप से सांसद जय प्रकाश जेपी, सांसद पं. सतपाल ब्रह्मचारी, सांसद वरुण चौधरी मौजूद रहे। सांसदों ने धोखेबाज सरकार होश में आओ, किसानों को आंदोलन पर मजबूर मत करो के नारे लगाए। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि देश का किसान सरकार के इस विश्वासघात से दुःखी और रोष में है। 9 दिसंबर 2021 को आंदोलनकारी किसानों व सरकार के बीच समझौते को आज तक सरकार ने पूरा नहीं किया। किसान आंदोलन के समय किसान संगठनों और सरकार के बीच एमएसपी गारंटी और किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने आदि का जो समझौता हुआ था उसे भी सरकार ने नहीं माना। आंदोलन में शहीद हुए 750 किसानों के परिवारों को कोई मुआवजा नहीं दिया गया। लखीमपुर खीरी में किसानों को कुचलने वाले अपने मंत्री पर कोई कार्रवाई नहीं की। बीजेपी सरकार ने हर बार किसानों को छलने का काम किया है। दीपेन्द्र हुड्डा ने मांग करी कि जिन मांगों पर सरकार और किसान संगठनों के बीच सहमति बनी थी उनको पूरा करने में सरकार कोई भी ढिलाई न बरते और जल्द से जल्द समझौते के अनुसार उन्हें लागू करे। उन्होंने कहा कि एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का अधिकार है। किसानों और सरकार के बीच हुए समझौते के तहत एमएसपी की कानूनी गारंटी पर कमेटी बनाने के बदले सरकार ने किसानों को धोखा देकर उनके साथ भद्दा मजाक किया है। सरकार द्वारा गठित कमेटी में एमएसपी की कानूनी गारंटी का कहीं जिक्र तक नहीं है। जबकि, ये कमेटी खास तौर पर स्स्ककी कानूनी गारंटी सुनिश्चित करने के लिए होनी चाहिए। इस कमेटी में ज्यादातर ऐसे लोगों को शामिल किया गया है, जो रद्द हो चुके तीन कृषि कानूनों का लगातार समर्थन करते रहे। सरकार ने देश और देश के किसानों की आँखों में धूल झोंकने के लिए सिर्फ सुझाव देने वाली अधिकारहीन समिति बनाकर पल्ला झाड़ने का काम किया है। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि किसानों की यही मांग थी कि एमएसपी की गारंटी मिले। सभी फसलों पर एमएसपी मिले और सभी किसानों को मिले। इसी मांग को लेकर किसानों ने एक साल से ज्यादा समय तक आंदोलन किया। सरकार के अहंकार के चलते इस आंदोलन में 750 किसानों को अपनी कुर्बानी देनी पड़ी। उन्होंने बताया कि हरियाणा में बीजेपी सरकार दावा करती है कि वह हरियाणा में 24 फसलों पर एमएसपी दे रही है। जबकि, सच्चाई ये है कि हरियाणा में 24 फसलें होती ही नहीं है। सरकार देश के किसानों को गुमराह करने की नाकाम कोशिश न करे।

# सीओपीडी से एड्स, टीबी, मलेरिया और मधुमेह की तुलना में अधिक मौतें होती हैं: डॉ. मनीष गुप्ता

**डेमोक्रेटिक फ्रंट अमृतसर.** दुनिया भर में हार्ट प्रॉब्लम्स और कैंसर के बाद सीओपीडी तीसरा सबसे बड़ा घातक रोग है। बहुत से लोग सांस फूलने और खांसी को उम्र बढ़ने का सामान्य प्रभाव समझने की गलती करते हैं। बीमारी के शुरुआती चरणों में, आप लक्षणों को नोटिस नहीं कर सकते हैं। सीओपीडी सांस की तकलीफ के बिना वर्षों तक विकसित हो सकता है। सीओपीडी में लगभग 63 मिलियन लोगों को प्रभावित करता है, जो दुनिया की सीओपीडी आबादी का लगभग 32त्न है।

फेफड़ों से संबंधित बीमारियों के बारे में विभिन्न तथ्यों और मिथकों पर प्रकाश डालते हुए लिवासा हॉस्पिटल , अमृतसर में कंसल्टेंट इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी डॉ. बलजोत सिंह ने कहा, सीओपीडी से एड्स, टीबी, मलेरिया और मधुमेह की तुलना में



अधिक मौतें होती हैं। सीओपीडी अक्सर 40 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों में होता है जिनक धूम्रपान का इतिहास होता है। सीओपीडी कार्यस्थल में रसायनों, धूल, धुएं या जैविक खाना पकाने के ईंधन के साथ लंबे समय से संपर्क में आने लोगों में भी हो सकता है । यहां तक कि अगर किसी व्यक्ति ने कभी धूम्रपान नहीं किया है या विस्तारित अवधि के लिए प्रदूषकों के संपर्क में नहीं आया है, तब भी वे सीओपीडी विकसित कर सकते हैं। भारतीय में सीओपीडी का प्रसार लगभग 5.5 त्न से 7.55त्न है। हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि सीओपीडी की व्यापकता दर पुरुषों में 22त्न और महिलाओं में 19त्न है।

क्रिटिकल केयर कंसल्टेंट डॉ. मनीष गुप्ता लिवासा हॉस्पिटल , अमृतसर ने कहा, सीओपीडी से एड्स, टीबी, मलेरिया और मधुमेह की तुलना में अधिक मौतें होती हैं। सीओपीडी अक्सर 40 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों में होता है जिनक धूम्रपान का इतिहास होता है। सीओपीडी कार्यस्थल में रसायनों, धूल, धुएं या जैविक खाना पकाने के ईंधन के साथ लंबे समय से संपर्क में आने लोगों में भी हो सकता है । यहां तक कि अगर किसी व्यक्ति ने कभी धूम्रपान नहीं किया है या विस्तारित अवधि के लिए प्रदूषकों के संपर्क में नहीं आया है, तब भी वे सीओपीडी विकसित कर सकते हैं। भारतीय में सीओपीडी का प्रसार लगभग 5.5 त्न से 7.55त्न है। हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि सीओपीडी की व्यापकता दर पुरुषों में 22त्न और महिलाओं में 19त्न है। कंसल्टेंट इंटरनल मेडिसिन डॉ बिक्रमजीत सिंह ने कहा कि सीओपीडी एक लाइलाज और प्रगतिशील स्थिति है, जो फेफड़ों में वायुमार्ग को सूजन देती है और वायुकोष को नष्ट कर देती है। मरीजों को अक्सर खांसी, घरघराहट और सांस लेने में तकलीफ होती है। सीओपीडी के लिए कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन अधिक क्षति को रोकने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए उपचार के विकल्प उपलब्ध हैं। कंसल्टेंट इंटरनल मेडिसिन डॉ पूजा प्रतीक ने कहा कि जैसे-जैसे तापमान गिरता है, सीओपीडी वाले लोगों को बीमारी का खतरा अधिक होता है। ठंड के मौसम में लक्षण अधिक बढ़ जाता है। फेफड़ों पर ठंड के मौसम का प्रभाव चरम हो सकता है और ठंडे वातावरण के पुराने संपर्क को श्वसन प्रणाली में नाटकीय परिवर्तन का कारण माना जाता है। यदि एक सीओपीडी रोगी कोविड विकसित करता है, तो यह वास्तव में जीवन के लिए खतरा है।

### सीओपीडी जोखिम कारक

- बचपन के श्वसन संक्रमण का इतिहास
- कोयले या लकड़ी से जलने वाले स्टोव से धुएं का संपर्क
- अस्थमा के इतिहास वाले लोग
- जिन लोगों के फेफड़े अविकसित हैं
- जो लोग 40 वर्ष और उससे अधिक उम्र के हैं क्योंकि फेफड़ों की कार्यक्षमता आपकी उम्र के अनुसार कम हो जाती है।

### लक्षण

- सीने में जकड़न
- पुरानी खांसी जो स्पष्ट, सफेद, पीले या हरे बलगम का उत्पादन कर सकती है
- बार-बार श्वसन संक्रमण
- ऊर्जा की कमी
- अनपेक्षित वजन घटाने
- सांस की कमी
- टखनों, पैरों या पैरों में सूजन
- घरघराहट।

## एक नजर

### बैकफिंको की ओर से गांव भाम के पंचायत घर में कर्ज की जानकारी के लिए विशेष कैंप 9 दिसंबर को: संदीप सैनी

**डेमोक्रेटिक फ्रंट होशियारपुर ( तरसेम दीवाना ).** पंजाब सरकार द्वारा बेरोजगार व्यक्तियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए उठाए गए कदमों के तहत, पिछड़ी श्रेणियां भूमि विकास एवं वित्त निगम (बैकफिंको) द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बेरोजगारों को सस्ती ब्याज दर पर दिए जाने वाले कर्ज की जानकारी देने के लिए गांव भाम के पंचायत घर में 9 दिसंबर को सुबह 11 बजे विशेष कैंप आयोजित किया जा रहा है। बैकफिंको के चेयरमैन संदीप सैनी ने बताया कि यह कैंप राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कैंप के दौरान पिछड़ी श्रेणियों, अल्पसंख्यकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से संबंधित शिक्षित आवेदकों को बैकफिंको द्वारा चलाई जा रही सस्ती ब्याज दर की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। बैकफिंको के कार्यकारी संदीप हंस के निर्देश पर आयोजित इस कैंप में बैकफिंको द्वारा प्रदान किए जाने वाले कर्ज की पूरी सूची और कर्ज प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी। बैकफिंको के चेयरमैन संदीप सैनी ने लोगों से इस विशेष कैंप में शामिल होकर स्वरोजगार के लिए चलाई जा रही कर्ज योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने की अपील की। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा डेयरी फार्मिंग, पोल्ट्री फार्मिंग, मधुमक्खी पालन, कारपेंटर, फर्नीचर, कृषि उपकरण निर्माण, इलेक्ट्रिकल, हौजरी यूनिट, आर्किटेक्ट, ब्यूटी पार्लर आदि सहित लगभग 55 अलग-अलग स्वरोजगारों की स्थापना के लिए कर्ज योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने आगे बताया कि पिछड़ी श्रेणियों के कल्याण के लिए एन.एफ.बी.सी.एफ.डी.सी. योजना, अल्पसंख्यक वर्गों के लिए एन.एम.एफ.डी.सी. योजना के अलावा इन वर्गों के छात्रों को तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के लिए शैक्षणिक कर्ज भी प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति गांव भाम में आयोजित विशेष कैंप में पहुंचकर पंजाब सरकार द्वारा बैकफिंको के माध्यम से चलाई जा रही कर्ज योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### कस्तूरबा गांधी कन्या विद्यालय निर्माण में धांधली को लेकर ग्रामीणों ने जताया रोष



**डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना.** जगदीश असीजा खंड के गांव भेरी अकबरपुर में कस्तूरबा गांधी कन्या विद्यालय का निर्माण हो रहा है यह विद्यालय लगभग साढ़े तीन करोड रुपए की लागत से स्कूल तथा हॉस्टल बनने जा रहा है जिसका निर्माण काफी समय से चल रहा है। निर्माण कार्य में लगने वाली ईंटें की ट्राली स्कूल में पहुंची जो घटिया स्तर की थी इस बात को लेकर ग्रामीण एकत्रित हो गए और उन्होंने कहा कि इस स्कूल में गांव ही नहीं आसपास के क्षेत्र से भी बच्चे आकर के करने पढेगे। लेकिन विभाग के अधिकारी कि मिलीभगत से ठेकेदार निम्न स्तर की सामग्री का इस्तेमाल कर रहे हैं इसको लेकर के पहले भी अवगत करवाया जा चुका है तब विभाग के अधिकारियों ने कहा था की आगे से ऐसी गलती नहीं होगी और अच्छी क्वालिटी का समान इसमें डाला जाएगा। जबकि आज फिर तीन नम्बर की ईंट आने से मौके पर पंचायत समिति सदस्य डॉक्टर सुभाष ढाका पंच राजेंद्र अनूप ग्रामीण संदीप सत्यवान मदनलाल जयवीर पृथ्वी आदि ने आरोप लगाया की शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं कर रहा। वहीं उन्होंने कहा कि पहले भी घटिया स्तर की ईंटो का इस्तेमाल किया जा चुका है जो अभी से खुरने लगी है। जब इस विषय पर ठेकेदार संदीप सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह इंटे कहीं और जानी थी गलती से यहां आ गई जिसको हमें जानकारी मिलते ही वापस भेज दिया। इस विषय पर जब शिक्षा विभाग के उपमंडल अभियंता लीलू राम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है और ईंट वापस भेज दी गई है वह गलती से यहां आ गई थी तैसी उनको जानकारी मिली है स्थानीय स्तर पर भी कमेटी बनाई गई है ताकि काम सही हो पहले भी एक बार ऐसा हुआ था तब ग्रामीणों ने मुझे बुलाया था तब भी सुधार कर दिया गया था। कल साइट पर आऊंगा और अभी काम रोक दिया गया है।

### वी ग्रुप, चण्डीगढ़ द्वारा प्रोमिसिंग स्ट्रोक्स एग्जीबिशन आयोजित



**चण्डीगढ़।** वी ग्रुप ऑफ़ इंडियन कंटेंपरेरी वूमेन आर्टिस्ट, चण्डीगढ द्वारा इंटरनेशनल डे ऑफ पर्सन विद डिसेबिलिटीज के मौके पर सेक्टर 10 गवर्नमेंट म्यूज़ियम एंड आर्ट गैलरी, चण्डीगढ़ में प्रोमिसिंग स्ट्रोक्स एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। एग्जीबिशन की शुरुआत डेराबस्सी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान विजय मित्तल द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस मौके पर वी-ग्रुप की फाउंडर प्रेसिडेंट श्रीमती साधना संगर, सेक्रेटरी रिचा भारती शर्मा ने बताया कि एग्जीबिशन में स्पेशल लोगों के लिए बनाए लोगों द्वारा बनाए गए आर्टवर्क डिस्प्ले किए गए आर्टवर्क के जरिए माध्यम से इनका काम बोलता है। इस एग्जीबिशन में 20 आर्टिस्ट के 45 आर्टवर्क डिस्प्ले किए गए हैं जिसमें कुरुक्षेत्र से ममता रानी, उत्तराखंड से संतोष, लुधियाना से प्रवीण, अमृतसर से मनदीप, बनारस से किरण भारद्वाज आदि शामिल हैं। इसके साथ ही ट्राईसिटी से गौरव गोयल, वैशाली, नव्या, हरजीत सिंह, अभिनव राणा, सुबोध कुमार गिरी, आर्यन, गुरलीन कौर और देवेश आदि के आर्टवर्क शामिल हैं।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ का हरियाणा दौरा कल



**डेमोक्रेटिक फ्रंट जैतो ( रघुनंदन पराशर ).** उप राष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत के माननीय उपराष्ट्रपति, श्री जगदीप धनख? 8 दिसंबर को हरियाणा के एक दिवसीय दौरे पर जाएंगे।अपने इस दौरे पर वे माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में दर्शन करेंगे एवं अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में सम्मिलित होंगे। सूत्रों के अनुसार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के दौरे को लेकर कुरुक्षेत्र के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई हैं।

# डोगरी, कश्मीरी व शिव स्तुति से लोक गायन ने मंत्रमुग्ध किया

### क्रॉफ्ट मेले के दर्शकों को नॉर्थ जोन कल्चरल सेंटर व चंडीगढ़ प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित हो रहे 14 वें नेशनल क्राफ्ट मेले में शुक्रवार का दिन लोक नृत्य व लोक गायकी के नाम रहा



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** दिन की शुरुआत डोगरी नृत्य से हुई तत्पश्चात लद्दाख के बाल्टी नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। त्रिपुरा की होजागीरी शायद ही अब से पहले किसी ने उत्तर भारत में देखी थी। नेपाली डांस ने तो दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया । मणिपुरी नृत्य की तो छटा ही अद्भुत है, पुंग चोलम ,ढोल चोलम पर पांव न थिरकें ऐसा मुमकिन ही नहीं है। आज के पंजाबी युवाओं को भी पंजाब के गांव के मूल विरसे की जानकारी शायद ही हो, इसीलिए पंजाब के गांव के मूल विरसे को युवाओं तक पहुंचने के प्रयास को जब नक्काल ग्रुप के खुशी मोहम्मद ने जब कला ग्राम की स्टेज पर प्रदर्शित किया तो उपस्थित युवा विस्मित रह गए। हरियाणा से पदम श्री महावीर गुड्डू ने जब शिव स्तुति छेड़ी तो पूरा माहौल भक्तिमय हो गया । गौरतलब है कि पूरे विश्व में हरियाणवी संस्कृति की अमिट छाप छोड़ने वाले सफीदों निवासी लोक कलाकार महावीर गुड्डू के अनुसार शिव गायन को साधु संत कहते थे इसीलिए वह धोती कुर्ता व खड़का पहनकर मंच पर शिव गायन करते हैं ; इसी तरह बम लहरी को जंगम जोगी गलियों में व मेलों में गाते थे और उन्हीं की संस्कृति को अब मैं विश्व भर में पहुंचता हूं । वलो यारों ...... , गनीमत ची शमी गम ......, वाध सरियो ....... से शुरुआत कर गनी ने माहौल को सूफियाना बना दिया ।





कश्मीरी सूफी लोकगायक गुलजार अहमद गनी अपने दिल में छोटे भाई की आतंकवादियों द्वारा की गई निर्मम हत्या के गहरे दर्द को समेटे हुए हैं, इसके बावजूद, उनके सुकूनभरे सूफी गीतों में बदले की कोई भावना नहीं झलकती। गनी को लाल देव और नन्द ऋषि जैसे रहस्यवादी संतों और कवियों से प्रेरणा मिलती है, जो कश्मीर की बहुलतावादी संस्कृति का प्रतीक हैं। गनी अपनी सूफी गायकी से कश्मीर को शेष भारत के करीब लाने का प्रयास कर रहे हैं। गनी कश्मीर के समावेश और कश्मीरियों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने संगीत की शिक्षा गुलाम अहमद सोफी और मोहम्मद अब्दुल्ला गनी जैसे गुरुओं से प्राप्त की। गनी के भाई, जो एक एसपीओ थे, पर घात लगाकर हमला किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। बावजूद इसके, गनी अपने भाई के हत्यारों के प्रति किसी तरह की बदले की भावना नहीं रखते, बल्कि ईश्वरीय न्याय में विश्वास करते हैं। झांझर ..... , मेरे फौजिआ सिपहिया ............, जम्मू दिया बंजारिया से शुरुआत कर डोगरी गायक चमन लहरी ने बताया कि उनकी पूरी टीम डोगरी पगड़ी सहित पारम्परिक डोगरी परिधान में सादगी भरी डोगरी संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए तत्पर रहते हैं व दर्शकों के मनभावन डोगरी पंजाबी बॉलीवुड गीतों द्वारा उन्हें पूर्ण मनोरंजन प्रदान करते हैं।

**स्वरांजली 2024 का भव्य समापन**

### सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र चंडीगढ़ द्वारा स्वरांजली 2024 ग्रैंड फिनाले का भव्य आयोजन



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र के तत्वावधान में आयोजित स्वरांजली 2024 ग्रैंड फिनाले का आयोजन अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सतयुग दर्शन ट्रस्ट के मार्गदर्शक श्री साजन जी, मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती रेश्मा गांधी, चेयरपर्सन श्रीमती अनुपमा तलवार, और प्राचार्य दीपेंद्र कांत ने दीप प्रज्वलन कर किया। समारोह में भाजपा पंचकुला जिला अध्यक्ष श्री दीपक शर्मा, निक बेकर्स के प्रबंध निदेशक श्री विनोद मित्तल, पिकैडिली होटल समूह की प्रबंध निदेशक श्रीमती जयश्री शर्मा, और इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड चंडीगढ़ की प्रिंसिपल श्रीमती गुरशरणजीत कौर समेत कई विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। इसके अलावा एडवोकेट योगेश ढींगरा, डॉ. सुनीता आनंद, और श्री सुशील नागपाल जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर मार्गदर्शक श्री साजन जी ने अपने उद्बोधन में आध्यात्मिक क्रांति के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सतयुग की उत्कृष्ट संस्कृति को आत्मसात कर समाज में शांति और एकता स्थापित की जा सकती है। उन्होंने फरीदाबाद स्थित सतयुग दर्शन वसुंधरा परिसर के ध्यान-कक्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां आत्मिक ज्ञान प्रदान कर मानवता को सच्चाई, धर्म और नैतिकता की राह पर चलने की प्रेरणा दी जाती है। कार्यक्रम में सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र की चेयरपर्सन श्रीमती अनुपमा तलवार ने बच्चों को जीवन में मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने की प्रेरणा दी। प्राचार्य दीपेंद्र कांत ने बताया कि केंद्र की 20 शाखाएं पूरे देश में सक्रिय हैं, और अब तक 10,000 से अधिक बच्चों को संगीत की शिक्षा प्रदान की जा चुकी है।

## दलित समाज की एकता से ही होगा सशक्तिकरण, क्षमतावान लोग आएं आगे : विजय सांपला

### कमजोर राजनीतिक पकड़ और दलित समाज के आपसी विभाजन की वजह से नहीं बदल रहे हालात



**डेमोक्रेटिक फ्रंट हुशियारपुर ( तरसेम दीवाना ) :** नकारात्मक राजनीतिक, धार्मिक एवं प्रशासनिक परिस्थितियों का सामना करने में असफल रहने के कारण दलित समाज का एक बड़ा तबका पिछड़ गया है। कमजोर राजनीतिक पकड़ और दलित समाज का आपसी विभाजन इसकी मुख्य वजह है। पूरे दलित समाज को एकजुट होकर इन चुनौतियों का सामना करना होगा। यह कहना है पूर्व केन्द्रीय मंत्री व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व चेयरमैन व दलित चेतना मंच के चेयरमैन विजय सांपला का, जोकि डा. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष पर आयोजित दलित महा पंचायत को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति में बदलाव दलित समाज के क्षमतावान लोगों को आगे होना होगा, यह लोग अपने समाज के जरूरतमंद लोगों के हाथ पकड़ उन्हें मुख्यधारा में लाने में सहयोग करें। डा. अंबेडकर जी का उदाहरण देते हुए सांपला ने कहा कि बाबा साहेब ने अपनी व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं को त्यागकर समाज और देश की सेवा की। अपने समय में सबसे शिक्षित व्यक्तियों में शामिल बाबा साहेब बहुत सारी सुख सुविधाएं प्राप्त कर सकते थे लेकिन उन्होंने दलित समाज के हितों को सर्वोपरि समझा। देश के लिए की सेवा करते हुए अपना पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि संघर्ष और त्याग से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है।

सांपला ने दलित समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा कि मौजूदा समय दलित समाज अलग -अलग वर्गों में विभाजित हो चुका है, जिससे समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि दलित समाज को अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करनी होगी, क्योंकि कमजोर नेतृत्व के चलते सामाजिक और धार्मिक समस्याएं बढ़ रही हैं। राजनीतिक ताकत के बिना सामाजिक और प्रशासनिक अधिकारों को सुरक्षित करना कठिन है। हमें एकजुट होकर इन चुनौतियों का सामना करना होगा।

दलित समाज की जो समस्याएं पंजाब में है वही समस्याएं तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा और जम्मू कश्मीर के दलित समाज की हैं। रविदासी, बाल्मीकि, कबीरपंथी, धानक, महादशा या बाजीगर, सभी वर्गों की समस्याएं समान हैं। इनका समाधान केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। ऐससी समाज को अपनी राजनीतिक ताकत मजबूत करने की जरूरत है। हमारे नौकरीपेशा भाइयों के साथ बहुत सारे अत्याचार हो रहे। सामाजिक जीवन में बहुत सारी समस्याएं हैं। धार्मिक तौर पर हम पर बहुत सारी बंदिशें है। इन सबका कारण यही है कि हमारी राजनीतिक पकड़ कमजोर हो रही है। आज दलित समाज में कुशल और मजबूत नेतृत्व कमी खलती है। ऐसे में राजनीतिक मजबूत पकड़ से ही हम सामाजिक, धार्मिक और प्रशासनिक पकड़ मजबूत कर सकते हैं, इसके लिए हमें अनेक से एक होना होगा। उन्होंने कहा कि दलित समाज को अपनी ताकत मजबूत करने की जरूरत है । दलित चेतना मंच जहां आपसे आह्वान करता है कि हम एक होकर इन नकारात्मक परिस्थितियों का सामना करें।

## उपायुक्त ने जिलावासियों से समाधान शिविर में पहुंचकर समस्याओं का जल्द से जल्द से समाधान करवाने के लिए करी अपील

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में रायपुररानी की नेहा की दहेज प्रताडना की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पुलिस उपायुक्त को मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने महाप्रबंधक हरियाणा रोडवेज पंचकूला को केदारपुर, मंगनीवाला, दीवानवाला, चिकन, अमरावती से पंचकूला ग्रामीणों के लिए तुरंत बस चलवाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बख्शीवाला ग्रामीणों के दस साल से रास्ता बंद करने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पुलिस उपायुक्त को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने व जल्द से जल्द रास्ता खुलवाने के निर्देश दिए। श्रीमती मोनिका ने गांव पौडावाला के कुलदीप की पीने के पानी की पाईपलाईन डलवाने की प्रार्थना पर संज्ञान लेते हुए पब्लिक हेल्थ के कार्यकारी अभियंता को जल्द से जल्द पाईपलाईन डलवाने के कार्य को शुरू करवाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने एमसी मोनिका देवी व ग्रामीणों की दीवानवाला से नंदपुर सडक बनवाने की मांग पर कारवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग एवं सडक विभाग के कार्यकारी अभियंता को तुरंत ग्रामीणों के लिए सडक की मुरम्मत करवाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि जिले में समाधान शिविर का आयोजन हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जनता की समस्याओं को जल्द से जल्द निदान करने के लिए किया जा रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी सीधे समाधान शिविर से जुडकर समाधान शिविर की कारवाई की मानिटरिंग कर रहे हैं। उन्होने सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर जिला के लोगों की शिकायतों का निदान करने के निर्देश दिए। आज समाधान शिविर में जिले के 9 लोगों की शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके जल्द से जल्द समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया।

इस अवसर पर एसडीएम श्री गौरव चैहान, नगराधीश श्री विश्वनाथ, जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक, डीआरओ डॉ. कुलदीप सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजन सिंगला सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मोजूद थे।

### माजरी चौक में वर्टिकल गार्डन का शुभारंभ

**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** शहर के प्रमुख चौक-चौराहों की सुंदरता बढ़ाने के लिए नगर निगम पंचकूला द्वारा वर्टिकल गार्डन बनाने का अभियान शुरु किया है। माजरी चौक पर पंचकूला का पहला वर्टिकल गार्डन बनकर तैयार हो गया है। शुक्रवार को महापौर कुलभूषण गोयल ने वर्टिकल गार्डन का शुभारंभ किया। उनके साथ जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक शर्मा, वार्ड पार्षद सुरेश वर्मा, सोनू बिडला, जय कौशिक, सुनीत सिंगला, भाजपा जेपी जांगड़ा, सुदेश बिडला, डीएमसी अपूर्व चौधरी, एसडीओ अजय चौधरी, जेई जानकी प्रसाद, नरेंद्र मलिक उपस्थित रहे। इस वर्टिकल गार्डन पर 45 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है। माजरी चौक के 8 पिलर पर यह वर्टिकल गार्डन बनाए गए हैं। प्लास्टिक पाइप से हर गमले में पानी जाता है, मोटर लगी हुई है, हर समय गमले गीला रहते हैं।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय अभियान की शुरुआत करेंगे

### यह पहल 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों में लागू की जाएगी

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत भारत में तपेदिक (टीबी) का पता लगाने और मृत्यु दर की चुनौतियों से निपटने के उद्देश्य से एक व्यापक 100 दिवसीय अभियान की शुरुआत करेंगे। इस अभियान का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री द्वारा हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती आरती सिंह राव की उपस्थिति में 7 दिसंबर 2024 को पंचकूला, हरियाणा में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अन्य सरकारी गणमान्य व्यक्तियों, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों, हरियाणा राज्य सरकार और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने सेक्टर 5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव, पुलिस उपायुक्त हिमाद्री कौशिक व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों में लागू की जाने वाली इस पहल को टीबी के मामलों का पता लगाने, निदान में देरी को कम करने और विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले समूहों में उपचार के परिणामों में सुधार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम संबंधी गतिविधियों को मजबूत करने और टीबी परिणामों में असमानताओं को कम करने के अपने प्रयास में देश द्वारा एक और महत्वपूर्ण रणनीतिक प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है। यह पहल टीबी मुक्त भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है जिसे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2018 दिल्ली एंड टीबी समिट में प्रस्तुत किया था। तब से, देश भर में रोकथाम, निदान और उपचार सेवाओं को मजबूत करने के लिए कार्यक्रम द्वारा महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई हैं। उन्होंने बताया कि 100-दिवसीय अभियान का दृष्टिकोण टीबी की घटनाओं की दर, निदान कवरेज और मृत्यु दर जैसे प्रमुख संकेतकों से सूचित है। यह मंत्रालय द्वारा हाल ही में किए गए नीतिगत सुधारों के साथ भी संरेखित है, जिसमें टीबी रोगियों के लिए निक्षय पोषण योजना के तहत वित्तीय सहायता में वृद्धि और सामाजिक सहायता पहल, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत घरेलू संपर्कों को शामिल करना शामिल है। उन्होंने बताया कि अभियान के कुछ प्रमुख फोकस क्षेत्र उन्नत निदान तक पहुँच बढ़ाना, कमज़ोर समूहों के बीच लक्षित जाँच, उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए विशेष देखभाल और विस्तारित पोषण सहायता का प्रावधान हैं। यह पहल देश भर में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के विशाल नेटवर्क का लाभ उठाएगी, जिन्होंने टीबी सेवाओं को अंतिम मील तक पहुँचाया है।

## एक नजर

### मानवता व जीवों की सेवा करना भी बड़ा पुण्य कार्य : गगनदीप सिंगला



**डेमोक्रेटिक फ्रंट जैतो, ( रघुनंदन पराशर ).** क्षेत्र की प्रसिद्ध मानवता को समर्पित समाज सेवी संस्था भारत विकास परिषद इकाई जैतो द्वारा समय-समय पर भारतीय संस्कृति कार्यक्रम, जरूरतरमंदों की सहायता के अतिरिक्त पशु - पक्षियों आदि की सेवा की जा रही हैं। भारत विकास परिषद युवा इकाई जैतो के वरिष्ठ सदस्य रिंकू बिंदल के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर कोटकपूरा मार्ग पर स्थित गांव ढैपी में बंदरों को बड़ी संख्या में केले खिलाकर सेवा। इस इस अवसर पर भारत विकास परिषद युवा विंग के अध्यक्ष गगन सिंगला गीजीवाला ने कहा कि जीवों की सेवा भी पुण्य का बड़ा कार्य है। उन्होंने कहा कि हमें अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह व अन्य खुशी के अवसर पर मानवता की सेवा के साथ -साथ जीवों की सेवा में अपनी समर्था के अनुसार दान पुण्य जरूर करना चाहिए। इस अवसर पर भारत विकास परिषद इकाई जैतो के ऑल प्रोजेक्ट चेयरमैन सतीश गोयल लंबा वाली, भारत विकास परिषद पंजाब के मीडिया प्रभारी राजीव गोयल बिट्ठू बादल,भारत विकास परिषद यूथ विंग के अध्यक्ष गगन सिंगला गीजीवाला,अंकूश सिंगला, दिवांशी,खैवी सिंगला,मानव, प्रीतिश, रिहान आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में आरोपी से नगद राशि की बरामद

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कालांवाली वरिदर जिंदल.** पुलिस ने मादक पदार्थ अधिनियम के एक मामले में आरोपी हरबंस पुत्र गुरदेव सिंह निवासी रघुआना को जांच में शामिल करके आरोपी के कब्जे से डोडा पोस्त की बेची गई नगद राशि एक हजार रूपये बरामद की है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल सोढ़ी ने बताया कि दिनांक 7.9.2024 को एएनसी स्टाफ डबवाली ने गांव पन्नीवाला मोटा से आरोपी रामचंद्र उर्फ मांगे राम निवासी पन्नीवाला मोटा को 2 किलो 140 ग्राम डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी हरबंस द्वारा ही आरोपी रामचंद्र को डोडा पोस्त बेचा गया था। जांच के दौरान आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार शामिल जांच करके न्यायिक प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही की गई है।

### पुलिस ने पराली जलाने के मामले में एक किसान को जांच में किया शामिल

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कालांवाली वरिदर जिंदल.** खेत में पराली को जलाने के मामले में आरोपी रोहताश कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी राजपुरा को जांच में शामिल करके न्यायिक प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही की गई है। जानकारी देते थाना प्रभारी अनिल सोढ़ी ने बताया कि दिनांक 25.11.24 को हरसैक द्वारा जीपीएस लोकेशन पर गांव राजपुरा में किसान द्वारा पराली को आग लगाने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी रोहताश कुमार निवासी राजपुरा को न्यायालय के आदेशानुसार शामिल जांच करके न्यायिक प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही की गई ।

### खाल की सफाई को लेकर एक व्यक्ति को पीटकर घायल कर दिया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कालांवाली वरिदर जिंदल.** गांव खाई शेरगढ़ में खाल की सफाई को लेकर किसान भुप सिंह को 6 जनों ने पिटाई करके घायल कर दिया। ओढ़ा पुलिस ने भुप सिंह पुत्र आदराम निवासी खाई शेरगढ की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया। किसान भुप सिंह ने बताया कि 30 नवंबर की शाम वह अपने खेत मैं खाल की सफाई कर रहा था तो उसी गांव के ओम प्रकाश, मदन लाल व रोहताश पुत्रान इन्द्राज, जयवीर व संजय पुत्र औम प्रकाश व कुलदीप पुत्र मदन लाल खाल पर आए और आते ही रोहताश ने कहा कि मेरे खेत के साथ लगती डोली क्यों फोड दी। इतना कहते ही रोहताश ने मेरी कमर में चोट मारी जिसकारण मैं वही खाल मे गिर गया। फिर मदन लाल, औम प्रकाश, कुलदीप, संजय ने लोहा पाईप से चोट मारी। मैं छुडवा कर भागने लगा तो उपरोक्त सभी ने मेरा रास्ता रोक लिया व फिर से पीटना शुरू कर दिया। इतनी देर मे कई राहगीर आ गये और मुझे छुड़वा दिया फिर उन्होंने कहा कि आज तो बच गया आगे कभी अकेला मिला तो ट्रैक्टर के नीचे देकर जान से मार देगे। राहगीरो ने मुझे घर पर छोड़ दिया और मेरे भतीजे विनोद ने मुझे सरकारी हस्पताल रानियां में दाखिल करवा दिया वहां से नागरिक अस्पताल सिरसा रैफर कर दिया। जांच अधिकारी भुप सिंह हैड कांस्टेबल ने 6 नामजद व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 190, 115(2), 126, 351(2) के तहत मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### भाजपा की प्राथमिक सदस्यता के विषय में जिला यमुनानगर अभी तक पूरे हरियाणा में तीसरे नंबर पर है: राजेश सपरा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा का प्राथमिक सदस्यता अभियान इस समय पूरे जिला यमुनानगर में चल रहा है ,यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में अभी तक 62 हजार से ज्यादा सदस्य बनाए जा चुके हैं, इसी प्रकार रादौर विधानसभा में 48 हजार ,जगाधरी विधानसभा में 43 हजार व सढौरा विधानसभा क्षेत्र में 23 हजार से ज्यादा भाजपा के प्राथमिक सदस्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा बनाए जा चुके हैं , भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा जिला यमुनानगर का प्राथमिक सदस्य का 2 लाख का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके अंतर्गत अभी तक 1 लाख 76 हजार से ज्यादा प्राथमिक सदस्य बनाए जा चुके हैं, सदस्यता अभियान अभी 10 दिसंबर तक चलाया जा रहा है जिसमें प्राथमिक सदस्य के साथ सक्रिय सदस्य भी भाजपा संगठन द्वारा बनाए जा रहे हैं जो भी प्राथमिक सदस्य अपने रैफरल कोड के माध्यम से 50 प्राथमिक सदस्य जोड़ेगा वह पार्टी का सक्रिय सदस्य बनाया जाएगा व नमो एप के माध्यम से उसकी ऑनलाइन रसीद काटी जाएगी , भाजयुमो अध्यक्ष निश्चल चौधरी ने बताया कि जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर के नेतृत्व मार्गदर्शन में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं,जगाधरी विधानसभा क्षेत्र का 50 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा, भाजपा युवा मोर्चा ज्यादा से ज्यादा युवाओं को अपने साथ जोड़ने का कार्य कर रहा है,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता ही उसकी नींव है, भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है,जिला यमुनानगर के सभी भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने का कार्य में लगे हुए हैं।

# वॉयस ऑफ यूनिटी एनजीओ ने दिव्यांग कलाकारों की कला प्रदर्शनी का दौरा कर किया सम्मानित

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर वॉयस ऑफ यूनिटी वेलफेयर सोसाइटी ने अपनी प्रेसिडेंट जया गोयल के नेतृत्व में गवर्नमेंट म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी, सेक्टर 10 में आयोजित दिव्यांग कलाकारों द्वारा बनाई गई विशेष कला प्रदर्शनी का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांग कलाकारों को शॉल और गुडीज़ भेंट कर सम्मानित किया और उनकी रचनात्मकता की सराहना की। यह प्रदर्शनी वी-ए ग्रुप ऑफ इंडियन कंटेंपरेरी वुमन आर्टिस्ट चंडीगढ़ द्वारा आयोजित की गई है, जिसकी संस्थापक साधना संगर हैं। प्रदर्शनी में 20 दिव्यांग कलाकारों द्वारा बनाई गई 45 अद्वितीय कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। यह प्रदर्शनी 7 दिसंबर 2024 तक जारी रहेगी।

सोसाइटी की महिलाओं ने इन विशेष




कलाकारों की कला को देखा। कलाकारों ने अपनी कलाकृतियों के पीछे की सोच और मेहनत के बारे में जानकारी साझा की। इस मौके पर वॉयस ऑफ यूनिटी की प्रेसिडेंट जया गोयल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दिव्यांग कलाकारों की यह प्रदर्शनी यह साबित करती है कि असली कला किसी भी सीमाओं में बंधी नहीं होती। उनकी रचनात्मकता और दृढ़ संकल्प हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें गर्व है कि हम इस खास पल का हिस्सा बन सके। उन्होंने कहा कि वॉयस ऑफ यूनिटी हमेशा इस तरह की प्रेरणादायक पहलों को समर्थन देने और समाज में समावेशिता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा मानना है कि ऐसी गतिविधियां समाज के हर वर्ग को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस दौरे के दौरान जया गोयल के साथ सोसाइटी की अन्य सदस्य—नेहा मित्तल, मिसेज अग्रवाल, मधु शर्मा, नंदी गोयल, रेखा मित्तल, सुनीता गर्ग,नीलू गुप्ता, अनिता गोयल, नीना भाटिया, चंदा मालपानी, आरती कथूरिया, उषा गुप्ता, सरोज नागोरी, कांता, मधु सिंगला मौजूद थीं।

**अवैध निर्माणों पर नोटिस जारी करने में चुस्ती, कार्रवाई में सुस्ती**

## उकलाना नगर पालिका को हो रहा राजस्व का नुकसान, कार्रवाई में ढील पर कई चर्चाएं

**डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना.** (जगदीश असीजा) =* नगर पालिका क्षेत्र में बिना नक्शे के निर्माण निर्बाध चल रहे हैं और उनको संरक्षण देने का आरोप नगर पालिका प्रशासन पर लग रहा है। ऐसा पहली बार नहीं, बल्कि वर्षों से चल रहा है। नगर पालिका अधिकार क्षेत्र में बनाए जाने वाले भवन के लिए नक्शे की मंजूरी होना बहुत जरूरी है लेकिन नियमों की पालना नहीं हो रही है, जिन जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के अधिकार हैं वे नोटिस जारी करने तक सीमित हैं। नपा प्रशासन के अधिकारी कारवाई करने के नाम पर सुस्ती दिखा रहे हैं। इस संबंध में अगस्त माह में समाचार भी प्रकाशित किया गया था। समाचार के अनुसार नगर पालिका प्रशासन की ओर से कई निर्माणाधीन भवन मालिकों को लंबे अरसे से नोटिस दिए जा रहे हैं लेकिन नोटिस उपरांत कार्रवाई शून्य है। कार्रवाई क्यों नहीं होती, इसे लेकर कई तरह की सुगबुगाहट है? भवन बनाने वाले खुलकर के यह बात नहीं कह रहे है कि उनके भवन बिना नक्शा पास कराए या फिर नक्शे के अनुरूप नहीं होकर बनाए जा चुके है। अगस्त माह में छपी खबर के बाद नगर पालिका सचिव ने नगर पालिका अभियंता को कार्रवाई के लिए पत्र लिख दिया। लेकिन यह कार्रवाई भी महज खानापूर्ति रही। नगर पालिका अभियंता ने अपने अधिकारी के लिखित आदेशों की पालना नहीं की और नगर पालिका अधिकार क्षेत्र में भवनों का निर्माण जारी है। जमीनी हकीकत की बात करें तो बिना नक्शे की मंजूरी के जो भवन का निर्माण हो रहा है उससे नगर पालिका को करो ?ों रुपये का राजस्व नुकसान हुआ है


कार्यालय नगरपालिका उकलाना मण्डी, (हिसार)

नगर पालिका को जो करो ?ों रुपये का राजस्व के नुकसान हुआ है उसके लिए जिम्मेवार कौन है और इस घाटे की पूर्ति कौन करेगा क्या उच्च अधिकारी इस पर कार्रवाई करेंगे? यह बात जनता के मन में भी चल रही है। नक्शे अनुसार भावनाओं का निर्माण होता तो आर्किटेक्ट को भी रोजगार मिलता इतना ही नहीं भवन का नक्शा बनवाने से बैंक भी आसानी से लोन दे देता है। जहां अनेक प्रकार के मालिक को नुकसान होते हैं तो वहीं फायदे भी होते हैं।

**नपा सचिव से बात करें : अमित**

जब इस बारे में नगर पालिका अभियंता अमित कुमार से बात की तो उनका कहना था कि अवैध निर्माण पर कार्रवाई बारे नपा सचिव ही ओवरऑल इंचार्ज है

**कार्रवाई की अनुशंसा करेंगे : गर्ग**

नपा सचिव संदीप गर्ग ने कहा कि अवैध निर्माण पर कार्रवाई के लिए नगर पालिका अभियंता की ड्यूटी है। कार्रवाई के लिए उनको लिखा जा चुका है कार्रवाई के लिए जो आदेशों की अवहेलना हुई है उस पर विभागीय कार्रवाई के लिए अनुशंसा की जाएगी।

## सिर से लेकर पांव तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है बीजेपी सरकार: हुड्डा

### नूंह में पूरा का पूरा पहाड़ चट कर गया अवैध खनन माफिया

### यमुना से लेकर अरावली तक हजारों करोड़ों का अवैध खनन करवा रही भाजपा सरकार



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि भाजपा सरकार सिर से लेकर पांव तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। इस सरकार के भ्रष्टाचार का अब एक और बड़ा नमूना सबके सामने आया है। सरकार के संरक्षण में खनन माफिया नूंह के पास 22 अरब रुपए का पूरा का पूरा पहाड़ चट कर गया। यह वही इलाका है, जहां अवैध खनन की वजह से कई बार हादसे हो चुके हैं और लोगों की जान जा चुकी है। यहीं पर अवैध खनन माफिया ने एक डीएसपी तक की जान ले ली थी।

लेकिन सब कुछ देखते और जानते हुए सरकार कुंभकर्णी नींद में सोई रही। इससे स्पष्ट है कि यह अवैध खनन का पूरा धंधा सरकार के संरक्षण में चल रहा है। इससे पहले डाडम में अवैध खनन का घोटाला उजागर हो चुका है। एनजीटी से लेकर कोर्ट और यहां तक कि भाजपा नेताओं ने माना है कि डाडम में हजारों करोड़ का खनन घोटाला हुआ है। आसमान छूती पहाड़ियों को पाताल में बदल दिया गया है। इस वजह से यहां पहाड़ के दरकने से आधा दर्जन मजदूरों की दबकर मौत हो गई थी। हुड्डा ने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है खनन माफिया इतना बेखौफ है कि उसने यमुना में भी जमकर तबाही मचाई है। यमुना में इस कदर खनन किया कि उसकी धारा को ही बदल दिया। यमुना में अवैध खनन के चलते, साथ लगते इलाके में हमेशा बाढ़ का खतरा बना रहता है और कई बार यह इलाका भयंकर बाढ़ का सामना कर चुका है। सरकार के राजस्व से लेकर आम लोगों के जीवन पर अवैध खनन का बेहद नकारात्मक असर पड़ रहा है। लेकिन सरकार अवैध खनन माफिया को लगातार बचा रही है और आज तक कभी किसी के ऊपर कारवाई नहीं की गई। सरकार को बताना चाहिए कि उसने हजारों करोड़ रूपया खनन माफिया की जेब में क्यों जाने दिया? इस पूरे मामले की हाई कोर्ट के जज की निगरानी में सीबीआई जांच होनी चाहिए।

## माजरी चौक में वर्टिकल गार्डन का शुभारंभ

**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** शहर के प्रमुख चौक-चौराहों की सुंदरता बढ़ाने के लिए नगर निगम पंचकूला द्वारा वर्टिकल गार्डन बनाने का अभियान शुरु किया है। माजरी चौक पर पंचकूला का पहला वर्टिकल गार्डन बनकर तैयार हो गया है। शुक्रवार को महापौर कुलभूषण गोयल ने वर्टिकल गार्डन का शुभारंभ किया। उनके साथ जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक शर्मा, वार्ड पार्षद सुरेश वर्मा, सोनू बिडला, जय कौशिक, सुनीत सिंगला, भाजपा जेपी जांगड़ा, सुदेश बिडला, डीएमसी अपूर्व चौधरी, एसडीओ अजय चौधरी, जेई जानकी प्रसाद, नरेंद्र मलिक उपस्थित रहे। इस वर्टिकल गार्डन पर 45 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है। माजरी चौक के 8 पिलर पर यह वर्टिकल गार्डन बनाए गए हैं। प्लास्टिक पाइप से हर गमले में पानी जाता है, मोटर लगी हुई है, हर समय गमले गीला रहते हैं। इसके बाद सेक्टर 20-21, आरयूबी माता मनसा देवी में वर्टिकल गार्डन बनाए जाएंगे, जहां पर वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। वर्टिकल गार्डन का मुख्य उद्देश्य शहर के बीचों-बीच हरियाली और प्रदूषण को कम करना है। गार्डन दीवार की तरह दिखता है। शहर का मुख्य चौराहा होने की वजह से इस हैंगिंग गार्डन की खूबसूरती बढ़ गई थी। आने वाले लोग इस गार्डन को रुककर जरूर देखते हैं।



# पुलिस कमिश्नर, पंचकूला राकेश कुमार आर्य द्वारा नई पहल करते हुए 'नशा व हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान' अभियान का किया शुभारंभ





### अभियान के तहत गठित टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए किया दौरा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी दी कि जिला पंचकूला में नशे पर पूरी तरह से रोकथाम लगाने और युवाओं को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस कमिश्नर श्री राकेश कुमार आर्य, भा.पु.से. के निर्देशन में 'नशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान' अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत ग्रामीण इलाकों में आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करने हेतु विशेष टीम का गठन किया गया ।

अभियान के तहत गठित टीम ने महिला निरीक्षक राजेश कुमारी की अगुवाई में दिनांक 02 और 04 दिसंबर 2024 को पंचकूला जिले के दो अलग-अलग गांव रामपुरा सियुडी और सूरजपुर का दौरा किया। टीम ने न केवल स्थानीय निवासियों से बातचीत की, बल्कि नशे के कारण होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में गांव की महिलाएं, पुरुष और बच्चे ब ?ी संख्या में शामिल हुए। गठित टीम द्वारा विशेष रूप से गांव सूरजपुर में दौरे के दौरान एक व्यक्ति को चिन्हित किया, जो नशे की चपेट में पाया गया। पुलिस टीम ने उसे तुरंत सहायता प्रदान करते हुए उचित इलाज के लिए 05 दिसंबर को सेक्टर-6, पंचकूला के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। यह पहल न केवल प्रभावित व्यक्ति को पुनर्वास की दिशा में एक कदम है, बल्कि गांव वालों के बीच सकारात्मक संदेश फैलाने का भी प्रयास है । इससे पहले पुलिस कमिश्नर, पंचकूला ने इस अभियान के संबंध में टीम का गठन करते हुए कहा कि वर्तमान में युवा वर्ग में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जो परिवार और समाज के लिए गंभीर चुनौती बन गई है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल नशे से जुड़ी जानकारी देना है, बल्कि समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम और पुनर्वास प्रयासों के माध्यम से प्रभावित व्यक्तियों को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालना भी है । हम सभी से अपील करते हैं कि समाज को नशामुक्त बनाने के इस अभियान में पुलिस का सहयोग करें।

पुलिस कमिश्नर, पंचकूला श्री राकेश कुमार आर्य, भा.पु.से. ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नशे से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी साझा करने के लिए पंचकूला पुलिस ने ड्रग फ्री इंफो हेल्पलाइन नंबर 708-708-1100 जारी किया है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पता पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा।

## एक नजर

### ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार ,स्पीच डिसऑर्डर वाले बच्चों के लिए हर्बल व फ्लॉवर चिकित्सा उपचार, उम्मीद की नई उम्मीद : डॉ जसविंदर



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** इंडियन पीडियाट्रिक जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर 68 में से 1 बच्चा ऑटिज़्म से प्रभावित है, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में, वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति में माहिर और कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित डॉ. जसविंदर सिंह ने हजारों ऑटिस्टिक , स्पीच डिसऑर्डर बच्चों का हर्बल व फ्लावर आधारित दवाओं से सफल इलाज कर एक नई दिशा दिखाई है। आज यानी शनिवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में सुबह 11:30 बजे पत्रकारों से बातचीत के दौरान डॉ. सिंह इस विषय पर अपनी रिसर्च और अनुभव साझा करेंगे। उनका मानना है कि करीब दो-तिहाई बीमारियां साइकोसोमेटिक होती हैं और प्राकृतिक उपचार, जैसे हर्बल और फ्लावर दवाएं, इन पर चमत्कारी प्रभाव डाल सकती हैं। उन्होंने बताया कि यदि आपका बच्चा बुलाने पर प्रतिक्रिया नहीं देता या बार-बार एक ही चीज़ करता है, तो यह ऑटिज़्म के लक्षण हो सकते हैं, डॉ. सिंह ने बताया। उन्होंने अपने शोध और उपचार के जरिए कई परिवारों को राहत दी है और ऑटिज़्म से पीड़ित बच्चों के लिए एक नई उम्मीद जगाई है।

### डॉ.वरिंदर गांधी को एनएएसी पीयर टीम के सदस्य के रूप में सूचीबद्ध किया गया



**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि कॉलेज निदेशिका डॉ.वरिंदर गांधी को एनएएसी पीयर टीम के सदस्य के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, जो भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन और मान्यता प्रदान करती है। डॉ वरिंदर गांधी एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और सफल प्रशासक हैं, जिन्होंने एक दशक से भी अधिक समय तक जी. एन.जी .कॉलेज के प्रिंसिपल का पद संभाला । उनके कुशल मार्गदर्शन में कॉलेज ने हर क्षेत्र में उन्नति की है और उन्होंने अपने योगदान से कॉलेज को बुलंदियों तक पहुंचाया है। 2 व 3 दिसंबर 2024 को एनएएसी की पीयर टीम के सदस्य के रूप में उन्होंने चंगु काना ठाकुर आर्ट्स,कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज,न्यू पानवेल (स्वायत्त) महाराष्ट का दौरा किया। कॉलेज के महासचिव सरदार मनोरंजन सिंह साहनी ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीमती नरिंदर पाल कौर और स्टाफ सदस्यों ने भी कॉलेज पहुंचने पर उनका स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।

# माउंट कार्मल स्कूल चंडीगढ़ का वार्षिक दिवस एक भव्य उत्सव





**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** माउंट कार्मल स्कूल, चंडीगढ़ का बहुप्रतीक्षित वार्षिक समारोह 2 दिसंबर को टैगोर थिएटर, चंडीगढ़ में कक्षा 4 से 7 तक के लिए संस्थापकों और निदेशकों डॉ. अर्नेस्ट चार्ल्स जे. सैमुअल और डॉ. एनी चार्ल्स सैमुअल के तत्वावधान में आयोजित किया गया । प्राचार्या डॉ. प्रवीणा जॉन सिंह संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सतत प्रयासरत रहीं।

एक स्कूल, अनेक कहानियाँ- एक शिक्षण टेपेस्ट्री विषय पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में प्रतिभा और रचनात्मकता का जीवंत मिश्रण प्रदर्शित हुआ। शाम को मुख्य अतिथि यू.टी चंडीगढ़ के मेयर श्री कुलदीप कुमार और विशिष्ट अतिथि कर्नल दीपक डी एसएम (सेवानिवृत्त) ने स्कूल के प्रतिष्ठित संस्थापकों और निदेशकों, डॉ. अर्नेस्ट चार्ल्स जे सैमुअल और डॉ. एनी चार्ल्स ने प्रिंसिपल डॉ. प्रवीणा जॉन सिंह के साथ मिलकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम में मनमोहक प्रदर्शन हुए, जिनमें स्कूल का पहला दिन, फ्यूचर वी फ्रेम, एक भावपूर्ण गायन मंडली, मनमोहक सिंड्रेला नाटक और बंगाली, माउंटेन और भांगड़ा जैसे गतिशील सांस्कृतिक नृत्य शामिल थे। प्रत्येक कार्य स्कूल के समग्र शिक्षा के लोकाचार का एक प्रमाण था। मुख्य अतिथि ने उत्कृष्टता के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता की सराहना की, और सम्मानित अतिथि ने छात्रों और शिक्षकों दोनों के समर्पण और प्रतिभा की प्रशंसा की। यह आयोजन पूरे स्कूल समुदाय के लिए और प्रेरणा की गहरी भावना के साथ संपन्न हुआ। माउंट कार्मल स्कूल, चंडीगढ़ ने वार्षिक दिवस समारोह में छात्रों की प्रतिभा और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया। संस्थापकों और निदेशकों डॉ.अर्नेस्ट चार्ल्स जे. सैमुअल और डॉ. एनी चार्ल्स सैमुअल के तत्वावधान में प्रिंसिपल डॉ. प्रवीणा जॉन सिंह के साथ, माउंट कार्मल स्कूल, चंडीगढ़ ने छात्र प्रतिभा, शिक्षाविदों के जीवंत प्रदर्शन के साथ अपना वार्षिक दिवस समारोह आयोजित किया। और 3 दिसंबर को टैगोर थिएटर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध और गौरवान्वित कर दिया। तीसरे चरण के कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण, स्वागत भाषण, प्रार्थना नृत्य और स्वागत नृत्य से हुई। मुख्य अतिथि, श्रीमती शिप्रा बंसल, चंडीगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग, चंडीगढ़ ने एक प्रेरक भाषण दिया, जिसमें छात्रों को चुनौतियों को स्वीकार करने और अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सम्मानित अतिथि – श्री चन्द्र शेखर, सेवानिवृत्त डी.जी. पी (आईपीएस) और श्री राजिंदर सिंह, सेवानिवृत्त डी.जी.पी. (आईपीएस) ने भी छात्रों को प्रेरित किया। प्री प्राइमरी से तीसरी कक्षा के छात्रों ने अपनी कलात्मक कौशल और सांस्कृतिक समझ का प्रदर्शन करते हुए पारंपरिक और समकालीन नृत्य प्रदर्शन के अंतर्गत मास्क नृत्य, विज्ञान और तकनीकी नृत्य, फिलर गुरु शिष्य परंपरा,मराठी नृत्य, गुजराती नृत्य, अफ्रीकी नृत्य, शानदार भांगड़ा, वरिष्ठ गायक मंडल और नाटक रेखाचित्रों का एक मनोरम मिश्रण प्रस्तुत किया। वार्षिक दिवस की थीम – एक स्कूल, अनेक कहानियाँ, एक सीख टेपेस्ट्री, को प्रदर्शन में खूबसूरती से शामिल किया गया, जिससे कार्यक्रम में एक एकीकृत कथा जुड़ गई। उनके मनमोहक परिधान और हर्षित कदम एक नए शैक्षणिक अध्याय में उनके परिवर्तन का प्रतीक थे। उनके चेहरों पर मासूमियत और उत्साह ने इसे दिल छू लेने वाला प्रदर्शन बना दिया । शाम का समापन फिनाले डांस के साथ हुआ, जिसमें विभिन्न नृत्यों के छात्र शामिल थे। एकता और उत्सव का प्रतीक यह अभिनय दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। संगीत, समन्वय और ऊर्जा के सही मिश्रण ने कार्यक्रम को एक यादगार समापन पर ला दिया। प्रत्येक प्रदर्शन ने छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत को दर्शाया, जिससे वार्षिक समारोह एक शानदार सफलता बन गया । यह खुशी, रचनात्मकता से भरा दिन था।

डॉ. प्रवीणा जॉन सिंह ने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। उन्होंने यह भी बताया कि युवा विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को बढ़ावा देना आवश्यक है, क्योंकि ये भविष्य की दिशा को निर्धारित करते हैं। इसके साथ ही, वे माता-पिता के समर्पण और समर्थन की प्रशंसा करते हुए बोली कि उनका योगदान बच्चों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह सराहना न केवल बच्चों को प्रेरित करती है, बल्कि एक सकारात्मक वातावरण भी बनाती है जहां उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव कोशिश की जाती है।

## हाइपरलोकल मॉनिटरिंग के माध्यम से चंडीगढ़ में गंभीर प्रदूषण हॉटस्पॉट की पहचान की गई: रिपोर्ट

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में चंडीगढ़ के गंभीर प्रदूषण हॉटस्पॉट्स का खुलासा हुआ, जहां कुछ क्षेत्रों में पीएम2.5 स्तर तेजी से बढ़कर सुरक्षित सीमा से काफी अधिक हो गया। यह रिपोर्ट सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा और शहरी वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए सटीक और स्थानीयकृत प्रयासों की आवश्यकता पर जोर देती है। रिपोर्ट डिकोडिंग अर्बन एयर- हाइपरलोकल इनसाइट्स इनटू पीएम2.5 पॉल्यूशन एक्रॉस इंडियन मेट्रोपोलिसेस५ – जिसे रिस्पायरर लिविंग साइंसेज ने प्रकाशित किया है, वर्तमान में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क के दायरे से बाहर वायु गुणवत्ता की स्थिति को उजागर करती है। यह रिपोर्ट नवंबर 2024 के दौरान 10 भारतीय शहरों के लिए स्थान-विशिष्ट औसत सीपीसीबी डेटा शामिल करती है, लेकिन इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए हाइपरलोकल मॉनिटरिंग और विश्लेषण को एकीकृत करती है। यह पारंपरिक प्रणालियों द्वारा छूटने वाले प्रदूषण हॉटस्पॉट्स पर सूक्ष्म जानकारी प्रदान करती है।

शहरों में तैनात 150 से अधिक सेंसरों से प्राप्त हाइपरलोकल डेटा का लाभ उठाते हुए, रेस्पायरर ने अपने एटलसएक्यू प्लेटफॉर्म से सीपीसीबी मॉनिटरिंग डेटा और गूगल मैप्स एयर क्वालिटी एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) से ओवरलैड स्थानिक अंतर्दृष्टियों को जोड़ा। रिपोर्ट वायु गुणवत्ता के रुझानों का 500×500 मीटर रिज़ॉल्यूशन प्रदान करती है। इन अभिनव तकनीकों ने प्रदूषण के पैटर्न का खुलासा किया है, जो नीति निर्माताओं, शहरी योजनाकारों और नागरिकों के लिए उपयोगी और कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टियां प्रदान करती हैं।

गूगल और रेस्पायरर की साझेदारी- एयर व्यू+ इनिशिएटिव के तहत भारत में वायु गुणवत्ता की निगरानी को बेहतर बनाने के लिए गूगल ने रेस्पायरर के साथ भागीदारी की है।

**चंडीगढ़ के लिए मुख्य निष्कर्ष**

प्रदूषण हॉटस्पॉट्स की पहचान- सेक्टर 53, और चंडीगढ़ के पास सेक्टर 68 जैसे अन्य क्षेत्र गंभीर प्रदूषण क्षेत्रों के रूप में उभरे हैं, स्थानीय क्षेत्रों में पीएम2.5 में तेज वृद्धि हुई है।

प्रदूषण के कारण- शहरी विस्तार, वाहनों की अधिक संख्या, और हरी पट्टियों की कमी शहर में प्रदूषण के मुख्य कारण पाए गए।

तुलनात्मक आंकड़े- नवंबर 2024 में सीपीसीबी डेटा ने औसत पीएम2.5 स्तर 129 यु जी/एम३ बताया, लेकिन हाइपरलोकल मॉनिटरिंग ने और भी अनदेखे हॉटस्पॉट्स और शहरी और बाहरी इलाकों में बारीक अंतर उजागर किए।

इस पहल से शहर की वायु गुणवत्ता को बेहतर ढंग से समझने और समाधान विकसित करने में मदद मिलेगी।

चेयरमैन, स्टीयरिंग, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) और डीन, कोटक स्कूल ऑफ़ सस्टेनेबिलिटी, आईआईटी कानपुर प्रोफेसर सच्चिदा नंद त्रिपाठी ने कहा कि हाइपरलोकल वायु गुणवत्ता निगरानी पारंपरिक व्यापक पैमाने के आकलन और वायु प्रदूषण की स्थानीय वास्तविकताओं के बीच अंतर को पाटती है। सटीक, वास्तविक समय डेटा प्रदान करके, यह दृष्टिकोण हमें सटीकता के साथ प्रदूषण स्रोतों को इंगित करने और लक्षित हस्तक्षेपों को डिज़ाइन करने में सक्षम बनाता है जो सुधार कर सकते हैं सार्वजनिक स्वास्थ्य परिणाम सराहनीय है कि रेस्पिरर जैसे संगठन इस तत्काल आवश्यकता को पूरा करने के लिए उन्नत सेंसर और डेटा एनालिटिक्स जैसी नवीन तकनीकों का लाभ उठा रहे हैं, जो प्रदूषण उन्मूलन की दिशा में कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।

### रास्ता रोककर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन को जांच में किया शामिल

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कालांवाली वरिंदर जिंदल.** अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान ओढ़ा पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी श्याम सुन्दर पुत्र महेंद्र सिंह, सोहन लाल पुत्र रामलाल व महेन्द्र सिंह पुत्र रामलाल निवासी नुहियांवाली को शामिल जांच कर न्यायिक प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही की है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल सोढ़ी ने बताया कि 2.12.2024 को शीशपाल पुत्र रामलाल निवासी नुहियांवाली के ब्यान पर आरोपियों द्वारा उसका रास्ता रोककर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में मामला दर्ज किया गया था।

# पंजाब विश्वविद्यालय में ई-युवा और इनोवेशन फेलो के शामिल होने से नवाचार की यात्रा शुरू हुई



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** ई-युवा, पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू), चंडीगढ़ ने कुलपति समिति कक्ष, पीयू, चंडीगढ़ में ई-युवा और इनोवेशन फैलो का स्वागत करने के लिए एक ऑनबोर्डिंग और ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया।

पंजाब विश्वविद्यालय के ई-युवा केंद्र ने विशाखापत्तनम, ऋषिकेश, नई दिल्ली, फतेहगढ़ साहिब और चंडीगढ़ सहित विभिन्न शहरों से सभी ई-युवा फेलो को उनके मेंटर के साथ आमंत्रित किया। इसके अलावा, मुंबई और चंडीगढ़ से तीन इनोवेशन फेलो (एक पोस्ट-मास्टर्स और दो पोस्ट-डॉक्टरल) को भी आमंत्रित किया गया। उद्घाटन भाषण देते हुए पीयू की कुलपति प्रो. रेणु विग ने युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और अभूतपूर्व शोध को बढ़ावा देने में ई-युवा केंद्र के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहयोग और नवाचार के महत्व के बारे में भी बात की और फेलो को पीयू के ई-युवा केंद्र में उपलब्ध अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि, पीयू डीन ऑफ यूनिवर्सिटी इंस्ट्रक्शन प्रो. रुमिना सेठी ने नवाचार को बढ़ावा देने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला। पीयू के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. योजना रावत ने नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में अनुसंधान और विकास के महत्व के बारे में बात की। पीयू के अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के डीन ने विचारों के वैश्विक आदान-प्रदान को विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता और अनुसंधान और नवाचार के लिए एक विविध, समावेशी वातावरण के महत्व के बारे में बात की। इससे पहले, कार्यक्रम की शुरुआत पंजाब विश्वविद्यालय में ई-युवा केंद्र के मुख्य समन्वयक प्रो. रोहित शर्मा के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने में ई-युवा पहल के महत्व पर प्रकाश डाला, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने में फेलो की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने फेलो द्वारा प्रस्तुत की जा रही विविध और प्रभावशाली परियोजनाओं और सामाजिक उन्नति के लिए उनकी क्षमता के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया। कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने संबोधन दिए, जिनमें बिट्स बायोसाइटीएच फाउंडेशन, गोवा के सीईओ डॉ. अनिल वली भी शामिल थे, जिन्होंने सार्थक परिणाम प्राप्त करने के लिए शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने के महत्व पर जोर दिया। सभी ई-युवा फेलो और इनोवेशन फेलो का चयन दूसरे प्रस्ताव के दौरान कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद परियोजनाओं के लिए राष्ट्रीय आह्वान के माध्यम से किया गया है। सभी परियोजनाओं का उनके नवाचार, व्यवहार्यता और संभावित प्रभाव के लिए सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया गया था। चयनित फेलो के सलाहकारों को दर्शकों से मिलवाया गया, जिनमें से प्रत्येक ने अपनी शोध परियोजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की डॉ. पूर्वी कुलश्रेष्ठ ने मरीजों में कंपन के प्रबंधन के लिए एक गैर-आक्रामक, प्रभावी और किफायती विधि विकसित करने पर अपने अभिनव कार्य पर प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य पार्किंसंस रोग जैसी न्यूरोलॉजिकल स्थितियों से पीड़ित लोगों के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार करना है। डॉ. कुलश्रेष्ठ ने बताया कि कैसे उनका समाधान कंपन प्रबंधन के लिए एक टिकाऊ और किफायती उपचार प्रदान कर सकता है, खासकर उन समुदायों के लिए जिनकी स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुंच है। माता गुजरी कॉलेज, फतेहगढ़ साहिब, पंजाब के डॉ. जगदीश सिंह के नेतृत्व में पारंपरिक प्लास्टिक को टिकाऊ बायोप्लास्टिक में बदलने पर एक और परियोजना भी प्रदर्शित की गई। उन्होंने बताया कि कैसे उनका काम बायोडिग्रेडेबल और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प बनाकर वैश्विक प्लास्टिक अपशिष्ट समस्या से निपटने का लक्ष्य रखता है, जो प्लास्टिक पर निर्भर उद्योगों के लिए एक टिकाऊ समाधान पेश करता है।

डॉ. एसएसबी यूआईसीईटी, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ की प्रोफेसर अनुपमा शर्मा ने महत्वपूर्ण सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों को संबोधित करते हुए एक परियोजना का प्रदर्शन किया। उनकी शोध टीम बेकार खट्टे फलों के छिलकों को प्राकृतिक और प्रभावी क्लीनर बनाने के लिए परिवर्तित करने पर काम कर रही है।





ONLINE / Home Tutions
COMMERCE CLASSES
SUBJECTS:
Accountancy, Economics, Business Studies
CLASSES:
11TH, 12TH, B.COM, B.BA
By Qualified & experienced teachers
1 FREE DEMO CLASS
CONTACT NO.
6280972022

MEDITECH EDUCATION
CONSULTANTS & ADVISORS
For Medical and Para Medical courses from UGC approved Universities
Contact:
8194959372


स्वामी एवं मुद्रक व संपादक कोरल द्वारा कार्यालय # 407, सेक्टर 16 पंचकूला से प्रकाशित और इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड, पंचकूला से मुद्रित करवाया जाता है। TITLE CODE : 1364436, Mob : 7508038116, E-mail : sareeka2473@gmail.com, website www.demokraticfront.com